## महत्वपूर्ण एवं खास



### सारंगढ़ विधानसभा में 79.37 प्रतिशत और बिलाईगढ़ में 70.39 प्रतिशत हुआ मतदान

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ में द्वितीय चरण के विधानसभा मतदान तिथि को मतदान दलो के अंतिम रिपोर्ट के आधार पर छत्तीसगढ़ में 75.08 प्रतिशत और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 74.58 प्रतिशत मतदान हुआ। सारंगढ़ विधानसभा-17 में 79.37 प्रतिशत और बिलाईगढ़ विधानसभा-43 में 70.39 प्रतिशत मतदान हुआ।

### प्रेक्षक पवन कुमार ने राजनीतिक दलों के समक्ष सील कराया स्ट्रांग रूम

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ विधानसभा 43 के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री संग्रहण और बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल क्षेत्र में बिलाईगढ़ विधानसभा के 129 मतदान केंद्रों में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों आदि को कलेक्टर बलौदाबाजार से प्राप्त करने पर सील किया गया। अब इसका सुरक्षा सीआईएसएफ के जवान कर रहे हैं। साथ ही साथ सीसीटीवी कैमरा भी चालू है। इसी प्रकार रायगढ़ विधानसभा क्रमांक 16 अंतर्गत सरिया क्षेत्र के 59 मतदान केंद्र में निर्वाचन कराने के बाद ईवीएम मशीनों आदि को रायगढ़ के स्ट्रांग रूम के लिए कलेक्टर रायगढ़ को 17 नवम्बर की रात को भेजा गया है। इस अवसर पर लाइजनिंग अधिकारी शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने सुबह 4 बजे तक जमा करवाया मतदान सामग्री

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में 17 नवम्बर को शाम 6 बजे से 4 बजे रात तक विधानसभा सारंगढ़, बिलाईगढ़ और रायगढ़ के मतदान केंद्रों के मतदान दलों की वापसी पर निर्वाचन सामग्री का संग्रहण पूरा कराया गया। जिला प्रशासन के इस टीम में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एएसपी निवेदिता पाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, एआरओ तहसीलदार, सीईओ योगेश्वरी बर्मन, प्रज्ञा यादव, संजू पटेल सहित जिले के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रेक्षक तापस राय ने मतदान दलों की वापसी का किया संवीक्षा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सामान्य प्रेक्षक तापस राय ने कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री संग्रहण के बाद संवीक्षा किया गया। रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने मतदान शांतिपूर्ण संपन्न की रिपोर्ट प्रस्तुत की। संवीक्षा के बाद राय ने और राजनीतिक दलों के समक्ष मतदान पत्र को सील कराया। इस अवसर पर एआरओ तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, आयुष तिवारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मतदान दलों की सामग्री ईवीएम मशीनों के प्राप्त होने पर राय ने और राजनीतिक दलों के समक्ष स्ट्रॉन्ग रूम में सील कराया गया है, जिसका सुरक्षा सीआईएसएफ के जवान कर रहे हैं। साथ ही साथ सीसीटीवी कैमरा भी चालू है।

# 90 विधानसभाओं में वोटिंग परसेंटेज के मामले में रायगढ़ की तीन विस टॉप टेन में : प्रदेश के 33 जिलों में रायगढ़ रहा दूसरे पायदान पर

- रायगढ़ में मतदाताओं ने की बंपर वोटिंग
- खरसिया तीसरे, धरमजयगढ़ पांचवें और लैलूंगा है छठे स्थान पर
- रायगढ़ जिले में हुआ 83.97 प्रतिशत मतदान, 76.31 रहा प्रदेश का मतदान प्रतिशत
- रायगढ़ जिले में प्रदेश औसत से 7.66 प्रतिशत अधिक हुआ मतदान



**रायगढ़।** 17 नवंबर को रायगढ़ जिले में हुए वोटिंग में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रायगढ़ जिले की सभी विधानसभाओं में लोगों ने मतदान के प्रति जागरूकता और सजगता का परिचय देते हुए बंपर वोटिंग की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्रदेश के 90 विधानसभाओं के जारी आंकड़े के मुताबिक रायगढ़ जिले की तीन विधानसभाओं ने वोटिंग परसेंटेज के मामले में टॉप टेन में जगह बनाई है। जारी आंकड़ों के अनुसार जिले की खरसिया विधानसभा 86.67 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं धरमजयगढ़ 86 प्रतिशत के साथ पांचवें और लैलूंगा 85.52 प्रतिशत के साथ छठवें स्थान पर रहा।जिलों के आंकड़े देखें तो प्रदेश के 33 जिलों में रायगढ़ ओवर ऑल वोटिंग में दूसरे स्थान पर रहा। रायगढ़ जिले की चार विधानसभाओं को मिलाकर कुल 83.97 प्रतिशत वोटिंग परसेंटेज रहा। यह प्रदेश के औसत मतदान 76.31 प्रतिशत से 7.66 प्रतिशत अधिक है।

## सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को किया गया सील : 3 दिसम्बर को होगी मतगणना

- मतदान पश्चात देर रात तक चलता रहा मशीनों को जमा करने का सिलसिला
- स्ट्रांग रुम की चौबीस घंटे कड़ी सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान तैनात



विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दूसरे चरण में 17 नवम्बर को जिले के 4 विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात देर रात तक गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज परिसर में ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के जमा करने का सिलसिला चलता रहा। तत्पश्चात आज चारों विधानसभाओं के मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक, सामान्य प्रेक्षक आईएएस ससीम कुमार बरई, सामान्य प्रेक्षक आईएएस सी.एन. लोंगफाई, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के लिए विधानसभा वार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज रायगढ़ में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। वहीं स्ट्रांग रूम की चौबीस घंटे सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए है। सभी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम सुरक्षा हेतु दरवाजे पर सुरक्षा बल के अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। सुरक्षा की मॉनिटरिंग हेतु कक्ष बनाए गए है। जहां से सभी स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है।

**3 दिसम्बर को होगी मतगणना-** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत 17 नवम्बर को हुए मतदान के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। जो आगामी 3 दिसम्बर को चारों विधानसभाओं के लिए मतगणना की जाएगी।

## 83.97 रहा जिले का मतदान प्रतिशत : जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, मतदान के प्रति लोगों में दिखा भारी उत्साह

**रायगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत आज जिले के सभी 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान समाप्ति के पश्चात कुल 83.97 रहा जिले का मतदान प्रतिशत।

मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी।





जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में मतदान 85.52 प्रतिशत रहा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में मतदान 78.78 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में मतदान 86.67 प्रतिशत एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में मतदान 86.00 प्रतिशत रहा। इस तरह पूरे जिले के चारों विधान सभा में 83.97 प्रतिशत मतदान रहा।

**7 लाख 47 हजार 252 मतदाताओं ने किया मतदान**

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायगढ़ जिले के चारों विधानसभाओं में 7 लाख 47 हजार 252 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 3 लाख 70 हजार 843 पुरूष मतदाता, 3 लाख 76 हजार 397 महिला मतदाता एवं 12 थर्ड जेंडर शामिल हुए।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में 01 लाख 74 हजार 798 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 86 हजार 337 पुरूष एवं 88 हजार 461 महिला मतदाता शामिल थे। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 2 लाख 2 हजार 742 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 01 लाख 1 हजार 778 पुरूष, 01 लाख 956 महिला मतदाता एवं 8 थर्ड जेंडर शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 1 लाख 86 हजार 764 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 93 हजार 270 पुरूष, 93 हजार 491 महिला मतदाता एवं 3 थर्ड जेंडर शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में 1 लाख 82 हजार 948 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 89 हजार 458 पुरूष, 93 हजार 489 महिला मतदाता एवं 1 थर्ड जेंडर शामिल थे।

**2018 में 82.96 था मतदान प्रतिशत**

विधानसभा आम निर्वाचन-2018 की बात करें तो उस समय जिले के चार विधानसभाओं में कुल 82.96 था मतदान प्रतिशत। जिसमें पुरूष मतदाता 82.84 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 83.10 प्रतिशत था। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में कुल 84.47 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 76.49 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 86.81 प्र्रतिशत तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में कुल 85.67 तथा मतदान प्रतिशत। इस लिहाज से 2023 में हुए विधानसभा आम निर्वाचन में मतदान में 1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

## मतदान दल की सुरक्षा में लगे शहीद जवान को दी गई अंतिम सलामी

**गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)।** गरियाबंद में नक्सलियों के हायराना हमले में शहीद हुए आईटीबीपी के शहीद जवान गोगिंदर कुमार को अंतिम सलामी देकर उनका पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव रवाना कर दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को गरियाबंद जिले के मैनपुर थाने के बड़ेगोबरा गांव के जंगल में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे इस घटना में मतदान दल की सुरक्षा में लगे भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के प्रधान आरक्षक जोगिंदर सिंह की जान चली गयी थी। शहीद जवान को ससम्मान अंतिम सलामी देकर अंतिम संस्कार के लिए उनका शव गृहग्राम के लिए रवाना कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि कल 17 नवम्बर को प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दुसरा चरण में 70 सीटो पर मतदान हुआ इस दौरान गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के शोभा जंगल में बडे गोबरा से मतदान दल को वापस लाने के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए ढ़ढश्वष्ठ



ब्लास्ट के चपेट में आने से जवान जोगिंदर सिंह शहीद हो गए जिससे पुरे प्रदेश में शोक की लहर देखा जा रहा है।मृत जवान का पार्थिव शरीर को एम्बुलेंस के माध्यम से मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण के बाद मृत घोषित किया गया जाने के बाद भारी सुरक्षा बल के बीच शहीद जवान के पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय गरियाबंद लाया गया जहां पोस्टमार्टम के पाश्चयात शनिवार को सुबह 8:15 को पुलिस लाइन परिसर में जवान जोगिंदर सिंह के पार्थिव शरिर को ज़िला प्रशासन और पुलिस विभाग एवं पैरामिलेट्री के जवान द्वारा पुलिस लाइन में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गईशहीद जवान सरदारा जोगिंदर सिंह पैरामीलेट्री फ़ोर्स में हेंड कांस्टेबल के पद पदसथ थे और वे जम्मू कश्मीर के निवासी थे।

नगर के वरिष्ठ नागरिकों ,व्यवसायियों ने तिरंगा चौक पर शहीद के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शहीद के सम्मान में वीर शहीद जोगिंदर सिंह अमर रहे के नारे लगाए गए।ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान 17 नवम्बर को मतदान क्रमांक 90 बड़े गोबर से मतदान पूर्ण कर मतदान पार्टी को सुरक्षाकर्मी के साथ पैदल वापस गरियाबंद स्ट्रांग रूम के लिए रवाना हुआ इस दौरान मतदान केंद्र से कुछ दूर में ही पुल के पास माओवादियों द्वारा लगाए गए आईडी से आइटीबीपी के सी 54 बटालियन के प्रधान आरक्षक जोगेंदर सिंह शहीद हो गाया।उन शाहिद हुए जवान को गरियाबंद जिला प्रेस क्लब के साथ नगर के पत्रकारों के द्वारा तिरंगा चौक में केंडल जलाकर पुष्पार्पित करते हुए नम आंखों से श्रध्दांजली दिया गया।

## कलेक्टर डॉ सिद्दीकी और डिप्टी डीईओ प्रकाश भारद्वाज के नेतृत्व में कैमरामेनों ने निर्वाचन में किया बेहतर कार्य

- निर्वाचन में अपनी सहभागिता से खुशी की प्रदर्शन करते फोटोग्राफर वीडियोग्राफर



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज के नेतृत्व में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले अंतर्गत विधानसभा रायगढ़, सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के निर्वाचन कार्यों में वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के लिए सारंगढ़ के विजय स्टूडियो सहित निविदा फर्म के कैमरामेनो ने बेहतर कार्य किया। निर्वाचन कार्य के एफएसटी दल, वीएसटी दल, स्ट्रांग रूम के पास, चारों प्रेक्षक के साथ, मतदान दल के रवानगी और वापसी के समय वीडियोग्राफर और जनसंपर्क विभाग के लिए फोटोग्राफर परमेश्वर (आकाश) यादव का व्यवस्था किया गया था। निर्वाचन में अपनी सहभागिता से खुशी का प्रदर्शन दल के सभी फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर ने किया।

निर्वाचन के इन सभी कार्यों को सारंगढ़ अंचल के कैमरामैनो ने विजय स्टूडियो के शरद केशरवानी (गोपी) के समन्वय से पूरा किया।

## कवर्धा से बिलाईगढ़ विधानसभा में मतदान देने के लिए आया डनसेना परिवार

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के विधानसभा निर्वाचन में 17 नवम्बर को बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वतन्त्र,निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान हुआ। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं बलौदाबाजार जिले के अंतिम मतदान केंद्र ग्राम रिकोकला में लोकतंत्र के इस महापर्व में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। गांव के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी मतदान के लिए सुबह से लाइन लगा कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मताधिकार का प्रयोग किया। ग्राम रिकोकला के गुलाब डड़सेना परिवार ने भी कवर्धा से पहुँचकर कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गुलाब डड़सेना कवर्धा में जिला



जनसंपर्क अधिकारी के पद पर पदस्थ है। वही इसके अलावा ग्राम में अन्य शासकीय सेवको ने भी इस महापर्व में भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि वनांचल क्षेत्र का ग्राम रिकोकला बलौदाबाजार बाजार में शामिल है, लेकिन विधानसभा बिलाईगढ़ में शामिल है। इस मतदान केंद्र में दो बूथ शामिल है, जिसमे ग्राम रिकोकला एवं ग्राम रिकोखुर्द के मतदाता यहां मतदान करने आते है। ग्राम रिकोखुर्द समीपस्थ डुमरपाली ग्राम पंचायत का आश्रित ग्राम है।

## स्वीप अभियान के बाद भी 2.25 लाख मतदाताओं ने नहीं डाले वोट

कोरबा, 18 नवंबर (आरएनएस)। क्या ऐसा नहीं लगता कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन आयोग और प्रशासन की बहुत सारी कोशिशों का रंग सही तरीके से नहीं चढ़ सका। कोरबा जिले में 75 प्रतिशत के आसपास हुए मतदान से ऐसा लगना स्वाभाविक है। 2.25 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने इस चुनाव में मतदान नहीं किया है। इनमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणी के मतदाता शामिल हैं।

17 नवंबर को दूसरे चरण में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कराया गया। कोरबा जिले की 4 सीटों पर 51 प्रत्याशी थे। इन्हें चुनने की जिम्मेदारी 9 लाख 14 हजार 081 मतदाताओं की थी। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया। चुनाव को लेकर उत्साह दिखा जरूर लेकिन वैसा फिर भी जिसकी आशा व्यक्त की जा रही थी। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को हर हाल में मतदान के लिए तैयार करने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लगातार प्रेरित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा पिछले कई वर्षों से स्वीप प्लान संचालित किया जा रहा है। सुव्यवस्थित मतदान और निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की मंशा से चलाए जा रहे इस अभियान को स्वीप नाम दिया गया है। यह भारत सरकार के निर्वाचन आयोग की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल है जिसे मतदाता साक्षरता के अंतर्गत भी लगातार प्रोत्साहित किया गया। कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड के साथ-साथ अनेक सरकारी और स्वैच्छिक संगठनों की सेवाएं इस अभियान में ली गई। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी भी इसका हिस्सा बने। अभियान के अंतर्गत नारा लेखन, क्वीज, निबंध, नुक्कड़ नाटक, रैली और वॉल पेंटिंग जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों के मतदाताओं को जागरूक किया गया है और इन्हें बताने की कोशिश की गई है कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान क्यों जरूरी है और एक-एक मतदाता इसमें अपनी भूमिका किस तरीके से निभा सकता है। पिछले दो महीने से किये जा रहे इन प्रयासों के साथ लगातार प्रशासन ने इस बात पर फोकस किया कि जिले में शत प्रतिशत मतदान संपन्न किया जाए। सबकुछ होने पर भी जिले में औसत 75 प्रतिशत के आसपास मतदान हो सका। 7 लाख से ज्यादा मतदाताओं के द्वारा निर्धारित बूथ पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया गया जबकि 2 लाख 25 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने न तो चुनाव को गंभीरता से लिया और न ही मतदान को। ऐसे मतदाताओं ने अलग-अलग कारणों से दूरी बनाई।

कोरबा शहरी इलाके में कालोनियों से लेकर अनेक रिहायशी इलाकों में मतदान दिवस को बड़ी संख्या में लोग मतदान से वंचित रह गए, वह भी अपनी लापरवाही के कारण। सामान्य तौर पर ऐसी धारणा है कि शहरी इलाके के लोग ज्यादा जागरूक होते हैं और वे राष्ट्रीय सरोकार से संबंधित मामलों में उत्साह दिखाते हैं। कोरबा के मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज, विद्युत गृह स्कूल, सरस्वती विद्यालय सीएसईबी, सेंट पैलोटी आरएसएस नगर समेत अनेक स्थानों पर बनाए गए मतदान केंद्रों से जो तस्वीरें सामने आई उनमें कहा गया कि बड़ी संख्या में लोग सिर्फ इसलिए मतदान से वंचित रह गए क्योंकि वे सुबह से शाम तक दूसरे काम में लगे रहे और शाम 5 बजे के बाद मतदान केंद्र पहुंचे थे। इस स्थिति में निर्वाचन टीम ने उन्हें महत्व नहीं दिया और सही कारण बताने के साथ बाहर से चलता कर दिया। इससे अलग एसईसीएल और अन्य कार्पोरेट कंपनी के सैकड़ों कर्मचारी प्रशिक्षण के बाद भी वोट नहीं डाल सके। इन लोगों की वोटिंग पर्ची में पहले से ही लाल रंग से पीबी अंकित कर दिया गया जबकि इन लोगों को इस विकल्प के अंतर्ग मतदान करने के लिए आवश्यक जानकारी भी नहीं दी गई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480